ESTD. 2001

STEPPING STONE SCHOOL (HIGH)

Class-4

Subject- 2nd language Hindi

Worksheet no.- 33   Time limit-30 minutes

बच्चों, संज्ञा हम पढ़ चुके हैं।

अब आप लोग अपने शिखा हिंदी व्याकरण पुस्तक के पेज नंबर 42 और 43 मे जो भाव वाचक संज्ञा है उसे ध्यान से पढ़ें और कॉपी में लिखें।

आपको इनमें से प्रश्न दिए जा सकते है।

जैसे दास शब्द को भाव वाचक संज्ञा में बदलिए और उत्तर होगा दासता ।

Scanned with CamScanner

उपर्युक्त वाक्यों में रंगीन छपे शब्दों को ध्यान से देखिए। चढ़ाई, और लालिमा शब्द किसी विशेष परिस्थिति, दशा या गुण आदि के बारे में बता रहे हैं, इन्हें 'भाववाचक संज्ञा' कहते हैं। लाल किले की सुंदरता, गुलाब जामुन की मिठास, फूलों की खुशबू इत्यादि को हम केवल अनुभव (महसूस) कर सकते हैं।

> जिन संज्ञा शब्दों से मन के भाव, किसी व्यक्ति या वस्तु के गुण-दोष के बारे में पता चलता है, उन्हें 'भाववाचक संज्ञा' कहते हैं। जैसे - सुंदरता, बुढ़ापा, खुशी, उदासी, समझदारी, होशियारी आदि।

भाववाचक संज्ञा बनाना

1. जातिवाचक संज्ञा से भाववाचक संज्ञा बनाना

क.	दास	–	दासता
ख.	पंडित	–	पांडित्य
ग.	प्रभु	–	प्रभुता
घ.	पशु	–	पशुता
ङ.	मित्र	–	मित्रता
च.	बालक	–	बालकपन
छ.	बच्चा	–	बचपन

2. सर्वनाम से भाववाचक संज्ञा बनाना

क.	अपना	–	अपनापन
ख.	निज	–	निजता
ग.	पराया	–	परायापन
घ.	स्व	–	स्वत्व
ङ.	सर्व	–	सर्वस्व
च.	अहं	–	अहंकार
छ.	मम	–	ममता

Scanned with CamScanner

3. विशेषण से भाववाचक संज्ञा बनाना

क.	मीठा	-	मिठास
ख.	चतुर	-	चतुराई
ग.	मधुर	-	माधुर्य
घ.	सुंदर	-	सुंदरता
ङ.	सफेद	-	सफेदी
च.	हरा	-	हरियाली
छ.	सफल	-	सफलता
ज.	मैला	-	मैल
झ.	खट्टा	-	खटास



4. क्रिया से भाववाचक संज्ञा बनाना

क.	खेलना	-	खेल
ख.	थकना	-	थकावट
ग.	लिखना	-	लिखाई
घ.	हँसना	-	हँसी
ङ.	पढ़ना	-	पढ़ाई
च.	मिलना	-	मेल
छ.	चढ़ना	-	चढ़ाई
ज.	मुसकाना	-	मुसकान
झ.	उड़ना	-	उड़ान

Scanned with CamScanner